अनुक्रमांक ..... समय : 1.00 घण्टा

नाम ..... पूर्णांक : 25

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर – 2018
(हिन्दी)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'प्रत्यय' शब्द में उपसर्ग है- **(1)**

(A) प्रति (B) प्रत्य

(C) प्र (D) प्रत

2. पूर्ण विराम (।) का प्रयोग किया जाता है- **(1)**

(A) वाक्य के प्रारम्भ में (B) वाक्य के मध्य में

(C) वाक्य के अन्त में (D) रेखा के रूप में

3. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है- **(1)**

(A) मित्र (B) सूचना

(C) उपहार (D) अध्याय

4. 'चौराहा' शब्द में समास है- **(1)**

(A) अव्ययीभाव समास (B) द्वन्द्व समास

(C) द्विगु समास (D) तत्पुरुष समास

5. "कोई खड़ा है" इस वाक्य में प्रयुक्त 'कोई' किस प्रकार का सर्वनाम है- **(1)**

(A) निश्चयवाचक (B) प्रश्नवाचक

(C) निजवाचक (D) अनिश्चयवाचक

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. 'अधि' उपसर्ग लगाकर चार शब्द बनाइए। **(1)**

7. क्रिया-विशेषण की परिभाषा लिखते हुए दो उदाहरण दीजिए। **(1)**

8. 'विदुषी' एवं 'तपस्विनी' शब्द का पुल्लिंग शब्द लिखिए। **(1)**

9. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए- प्रिया, बुद्धिमान, श्रीमति, उत्सव। **(1)**

10. 'भाववाचक' संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। **(1)**

11. 'अभि' उपसर्ग जोड़कर चार शब्द लिखिए। **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. समास विग्रह किसे कहते हैं? किन्हीं तीन समास के नाम तथा उनके एक-एक उदाहरण लिखिए। **(2)**

13. भूतकाल एवं भविष्यकाल में उदाहरण सहित अन्तर लिखिए। **(2)**

14. 'सर्वनाम' किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

15. छात्रों में उच्चारण सम्बन्धी सुधार हेतु दो उपाय लिखिए। **(2)**

16. 'विराम चिह्न' कितने प्रकार के होते हैं? चिह्न भी दर्शाइए। **(2)**

17. 'मौन वाचन' से आप क्या समझते हैं? मौन वाचन का महत्व भी लिखिए। **(2)**

18. निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए- **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/hindi/2018

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/hindi/

हमसे जुड़ें
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN